**Seventeenth Loksabha**

pan>

Title: Need to construct an alternate road parallel to National Highway No. 13 between Pasighat and Pangin in Arunachal Pradesh.

**श्री तापिर गाव** (**अरुणाचल पूर्व**): माननीय अध्यक्ष महोदय, अरुणाचल प्रदेश में चाइना बॉर्डर से जुड़े अपर-सिंयाग डिस्ट्रिक्ट, शियोमी डिस्ट्रिक्ट, वेस्ट-सिंयाग और सिंयाग डिस्ट्रिक्ट का नेशनल हाइवे नम्बर 13 लास्ट मॉनसून बारिश में ही वाश-आउट हो गया था। आज 7वां महीना चल रहा है, लेकिन अभी तक उसका अल्टरनेट मार्ग नहीं बना है। वहां गाड़ी तो छोड़ दीजिए, अभी इंसान भी वहां से क्रॉस नहीं हो पा रहा है। यह हाइवे केवल पब्लिक यातायात के लिए नहीं है, इसकी वजह से चाइना बॉर्डर पर तैनात हमारे पैरामिलिटरी और आर्मी जवानों के लिए भी बहुत तकलीफ हो रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज से यह रिक्वेस्ट करूंगा कि पासीघाट और पांगिन के बीच जो लैण्ड स्लाइड के कारण प्रभावित ब्लॉक है, उसको एक अल्टरनेट रोड बनाकर जल्दी से जल्दी रिस्टोर किया जाए। यही मेरी मांग है। धन्यवाद।